भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2015

जिसका उत्तर 15.12.2021 को दिया जाना है

बिहार में राजमार्गों की लंबाई

2015. श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार राज्य में और बिहार राज्य से होकर गुजरने वाले प्रस्तावित नए राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-कौन से हैं और यह किस-किस जिले से होकर गुजरेंगे; और

(ख) इन राजमार्गों की लंबाई कितनी है और इन नए प्रस्तावित राजमार्गों के लिए कितनी निधि आवंटित की गई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) मंत्रालय मुख्यत: राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) का विकास और अनुरक्षण एक सतत प्रक्रिया है और इसे यातायात, पारस्परिक प्राथमिकता तथा निधियों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। मंत्रालय सड़क की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और यातायात घनत्व के आधार पर परियोजना-वार निधियों का आवंटन करता है न कि राष्ट्रीय राजमार्ग-वार। बिहार राज्य में प्रस्तावित नए राष्ट्रीय राजमार्गों का ब्यौरा अनुबंध-। पर संलग्न है।

अनुबंध-I

'बिहार में राजमार्गों की लंबाई' के संबंध में श्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा पूछे गए दिनांक 15.12.2021 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2015 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

बिहार राज्य में प्रस्तावित नए राष्ट्रीय राजमार्गों का ब्यौरा

क्र. सं.	खंड का नाम	बिहार में जिले	बिहार में अनुमानित लंबाई	अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)
1	भारत - नेपाल सीमा सड़क	पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज	552 किमी	
2	पटना-कोलकाता एक्सप्रेसवे	पटना, नालंदा, जमुई, बांका, शेखपुरा	220 किमी	
3	बक्सर- अरवल	बक्सर, आरा, अरवल	100 किमी	
4	दलसिंहसराय - सिमरी बख्तियारपुर	समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, सहरसा	70 किमी	
5	दीघवाड़ा - मसरख - पिपरा कोठी -मोतिहारी - रक्सौल	सारण, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण,	100 किमी	
6	सुल्तानगंज- देवघर	भागलपुर, बांका	40 किमी	
7	मसरख - मुजफ्फरपुर	सारण, मुजफ्फरपुर	50 किमी	
8	बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे	बक्सर, आरा, पटना, मुंगेर, भागलपुर	350 किमी	
9	नवादा - बरौनी - झंझारपुर-लडानिया	नवादा , नालंदा, पटना, बेगूसराय, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी	220 किमी	
10	मांझी- बरौली - बेतिया - बाघा - कुशीनगर	सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण	200 किमी	
11	कहलगांव -कुरसेला -फोरबिसगंज	भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, अररिया	120 किमी	
12	बक्सर - वाराणसी	बक्सर	108 किमी	
13	वाराणसी - कोलकाता एक्सप्रेसवे	रोहतास, औरंगाबाद, गया	16 किमी	
14	गोरखपुर - सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे	पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज	416 किमी	

*****